# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–11 नवम्बर 2024** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्यायें सुन अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गम्भीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता का निवेदन करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार हर जरूरतमंद व्यक्ति के इलाज में मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध करायेगी।

**********

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने आज भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में उन्हें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड का स्थान लिया है, जो कल सेवानिवृत्त हो गए। इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सहित अन्य लोग शामिल हुए।

**********

एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित, एओसी–इन–सी सेंट्रल एयर कमांड ने आज एयरफोर्स स्टेशन आगरा में भारतीय वायुसेना में सी–दो सौ पंचानबे फुल मोशन सिम्युलेटर सुविधा का उद्घाटन किया। सिम्युलेटर पायलटों को सामरिक शिफ्ट, पैराड्रॉपिंग, पैराट्रूपिंग, मेडिकल निकासी और आपदा राहत आदि जैसे विभिन्न मिशनों का अनुकरण करके लगभग यथार्थवादी वातावरण में प्रशिक्षण देने में सक्षम बनाता है। यह सुविधा सामरिक परिवहन विमान सी–दो सौ पंचानबे बेड़े की परिचालन क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगी।

**********

उत्तर प्रदेश पीसीएस प्री दो हजार चौबीस और आरओ–एआरओ प्री दो हजार तेइस की परीक्षा एक दिन में एक शिफ्ट में ही कराये जाने की मांग को लेकर आज प्रयागराज में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के कार्यालय के सामने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं ने धरना देकर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। सूचना मिलने तक आक्रोशित युवा प्रदर्शन पर अड़े थे जबकि प्रशासन के अधिकारी उन्हें समझाने में लगे हुए थे। उल्लेखनीय है कि पीसीएस प्री दो हजार चौबीस परीक्षा सात और आठ दिसम्बर को तथा आरओ–एआरओ प्री दो हजार तेइस परीक्षा बाइस और तेइस दिसम्बर को करायी जायेगी।

**********

प्रयागराज महाकुंभ दो हजार पच्चीस की तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। महाकुंभ क्षेत्र में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्बाध संचार व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिये प्रदेश पुलिस के रेडियो विभाग ने आज इण्डियन इंस्टीट्यूट आफ इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी इलाहाबाद के साथ समझौता करार किया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक दूर संचार डॉक्टर संजय तरडे ने बताया कि महाकुंभ क्षेत्र में उत्तम संचार व्यवस्था के लिये पुलिस रेडियो विभाग द्वारा ग्रिड की स्थापना की जा रही है।

**********

प्रयागराज महाकुंभ दो हजार पच्चीस में पहली बार पूरे मेला क्षेत्र को प्रकाशमान बनाये रखने के लिये चालीस हजार से अधिक रिचार्जेबल वल्ब लगाये जायेंगे। इससे यदि किन्हीं कारणों से बिजली चली भी जायेगी तो, मेला क्षेत्र में अंधेरा नहीं रहेगा।

**********

पन्द्रह नवम्बर को वाराणसी में मनायी जाने वाली देव दीपावली के अवसर पर गंगा के घाट गाय के गोबर से बनाये गये दीयों के प्रकाश से जगमग होंगे। देव दीपावली पर काशी में बारह लाख दीयों को जलाने की तैयारी है। इसमें तीस हजार दीये गाय के गोबर से बने होंगे।

**********

ग्रेटर नोएडा के इण्डिया एक्सपो मार्ट में आज से तेरह नवम्बर तक चलने वाले भारत शिक्षा एक्सपो का शुभारम्भ प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने किया। यह एक्सपो दुनिया भर के विश्वविद्यालयों को एक ही मंच पर लाकर शिक्षा में नवाचार और नई सोच को बढ़ावा देने का प्रयास है।

**********

अयोध्या के कार्तिक पूर्णिमा मेले के दूसरे चरण में पंच कोसी परिक्रमा का शुभारम्भ आज दोपहर देवोत्थानी एकादशी तिथि पर कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ। इस समय परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पडा है। यह परिक्रमा कल दोपहर तक चलेगी।

**********

छठ पूजा के बाद अपने गंतव्य को वापस जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिये भारतीय रेलवे द्वारा विभिन्न स्टेशनों से स्पेशल ट्रेनें चलायी जा रही है। इसी क्रम में आज पूर्वोत्तर रेलवे में अलग–अलग रूटों से तैंतालीस विशेष ट्रेनें चलायी जा रही हैं।

**********

कुशीनगर जिले के रामकोला में त्रिवेणी चीनी मिल के पेराई सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस का आज शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर कुशीनगर के सांसद विजय कुमार दुबे, विधायक विनय प्रकाश गौंड़, चीनी मिल के महाप्रबंधक सहित अधिकारी–कर्मचारी और किसान उपस्थित रहे।

**********

नासिक के मीना ताई ठाकरे स्टेडियम में आयोजित तीसरे राष्ट्रीय वेटरन स्पोर्ट्स में कुशीनगर जिले के भरवलिया निवासी अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी बी.एन मिश्र ने पचहत्तर वर्ष से अधिक आयु वर्ग में हैमर थ्रो और डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है।

**********

**समाचार समाप्त हुए। नमस्कार।**